दिनांक 5 अक्टूबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए हेमंत क्लीनअप मिशन के युवाओं ने कपहल

भिलाईनगर/शहर के विभिन्न स्थलों पर प्रतिबंधित पॉलिथीन/ प्लास्टिक आदि को घूम-घूम कर एकत्रित करने का बीड़ा अब निगम के सफाई कर्मियों के साथ-साथ हेमंत क्लीनअप मिशन के युवाओं ने भी उठा लिया है! हेमंत क्लीनअप मिशन के युवा छात्र जिसमें 10 से अधिक लोग मौजूद हैं के द्वारा प्रत्येक सुबह प्रातः 5:00 बजे एक जगह पर सम्मिलित होकर प्रतिबंधित प्लास्टिक/पॉलिथीन को इकट्ठा करने के लिए विभिन्न स्थलों में निकल पड़ते हैं! अब यह इनकी दिनचर्या में शामिल हो चुका है विद्यार्थी जीवन बिता रहे यह युवा अपने कम उम्र में भी शहर को स्वच्छ वातावरण देने के लिए काफी कुछ करने को तैयार है! नगर निगम भिलाई के सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन कचरे की सफाई की जाती है विभिन्न प्रकार के कचरे को एकत्रित करके कचरा पृथककीकरण केंद्र में भेजा जाता है जिसके पश्चात एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से गीले कचरे का उपयोग खाद बनाने के लिए तथा सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर पृथक-पृथक किया जाता है! अब इस मुहिम से जुड़कर प्रतिबंधित प्लास्टिक/पॉलिथीन मुक्त शहर की दिशा में कार्य करते हुए हेमंत क्लीनअप मिशन की युवा टीम जिसमें छात्राएं भी शामिल है प्रतिदिन शहर के सफाई कार्य में जुट जाते हैं प्रायः यह प्लास्टिक एवं पॉलीथिन को बोरी में एकत्र करने का कार्य करते हैं तथा निगम के माध्यम से इसे एक जगह जमा कर रहे हैं!

जल ही जीवन है!